**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 2421**

गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**उड़ान योजना के लिए बजट आवंटन**

**2421. श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि उड़ान योजना के अंतर्गत 120 नए गंतव्यों को जोड़ने की योजना के बावजूद, 2025-26 के बजट में क्षेत्रीय संपर्क योजना के लिए बजट आवंटन घटाकर 540 करोड़ रुपये कर दिया गया गया है;

(ख) यदि हां, तो विस्तार उद्देश्यों के मद्देनजर आवंटन में कटौती के पीछे क्या तर्क है;
(ग) क्या कम बजटीय आवंटन से नए गंतव्यों के कार्यान्वियन की समय-सीमा और समग्र क्षेत्रीय संपर्क लक्ष्यों पर असर पड़ने की आशंका है;

(घ) यदि हां, तो इस बजट कटौती के कारण होने वाली संभावित चुनौतियों के संबंध में मंत्रालय द्वारा किए गए आकलन का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या विशिष्ट उपाय किए गए हैं कि वित्तीय आवंटन में कमी के बावजूद उड़ान योजना का विस्तार योजना के अनुसार हो?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ङ): क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के अंतर्गत, इस योजना के प्रथम चरण के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)/ राज्य सरकारों/ केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ रक्षा मंत्रालय के स्वामित्व वाले असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों/ हेलीपोर्टों/ वॉटर एयरोड्रोमों के पुनरुद्धार/ स्तरोन्नयन के लिए 4500 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो मार्च 2025 तक वैध है। इसके अतिरिक्त, योजना के दूसरे चरण के तहत 1000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है।

सरकार ने आने वाले 10 वर्षों में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए संशोधित 'उड़ान' योजना शुरू करने की घोषणा की है। संशोधित 'उड़ान' योजना तैयार होने पर बजटीय आवंटन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

*****